भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 1917
जिसका उत्तर बुधवार, 11 फरवरी, 2026 को दिया जाएगा

मूंग की खरीद

1917. श्री कुलदीप इंदौराः

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में अच्छी फसल होने के बावजूद, किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं क्योंकि सरकार की खरीद समय पर शुरू नहीं होती है और किसान अपनी उपज को बिचौलियों को कम कीमतों पर बेचने के लिए मजबूर होते हैं;
(ख) यदि हां, तो श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में मौजूदा वर्ष सहित गत तीन वर्षों के दौरान एमएसपी पर खरीदी गई मूंग की अनुमानित उपज कितने प्रतिशत है और खरीद में विलंब के क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि जब किसान अपनी उपज खरीद केंद्रों पर लाते हैं, तो बिचौलियों को लाभ पहुंचाने की मंशा से उनकी फसलों को प्रायः नमी की अधिक मात्रा या अन्य कारणों से अस्वीकार कर दिया जाता है; और
(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

(क) खरीफ 2025-26 के दौरान 05.02.2026 तक, श्रीगंगानगर जिले में मूल्य समर्थन स्कीम (पीएसएस) के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कुल 25,530.49 मीट्रिक टन मूंग की खरीद की गई, जिसकी कीमत 223.85 करोड़ रुपये है, इससे पीएसएस खरीद के लिए पंजीकृत 15,986 किसानों में से 12,426 किसानों को लाभ हुआ। हनुमानगढ़ जिले के मामले में, 9,179.65 मीट्रिक टन मूंग की खरीद की गई, जिसकी कीमत 80.48 करोड़ रुपये है, इससे पंजीकृत 8,582 किसानों में से 4,990 किसानों को लाभ हुआ। एमएसपी पर, मूंग सहित फसलों की खरीद राज्य सरकारों के समन्वय से की जाती है, जो खरीद शुरू करने का निर्णय लेती हैं।

(ख) खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान, राजस्थान सरकार द्वारा घोषित, राजस्थान में मूंग की पीएसएस खरीद 24.11.2025 से शुरू हुई और खरीद की अंतिम तिथि 21.02.2026 है। अब तक, श्रीगंगानगर जिले में अनुमानित मूंग उत्पादन का 9.99% और हनुमानगढ़ जिले में 8.77% खरीदा जा चुका है। चालू वर्ष

सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान श्रीगंगानगर जिले और हनुमानगढ़ जिले में मूंग के अनुमानित उत्पादन और खरीद का ब्यौरा निम्नानुसार है:

राज्य	वस्तु	वर्ष	जिला	अनुमानित उत्पादन (क्विंटल में)	खरीद की गई मात्रा (क्विंटल में)	प्रतिशत
राजस्थान	मूंग	खरीफ 2023	हनुमानगढ़	2,66,000	1,066.50	0.40
			श्रीगंगानगर	8,21,560	135.00	0.02
		खरीफ 2024	हनुमानगढ़	8,09,370	38,427.50	4.75
			श्रीगंगानगर	19,97,370	62,019.00	3.11
		खरीफ 2025	हनुमानगढ़	10,47,000	91,796.50	8.77
			श्रीगंगानगर	25,56,660	2,55,304.90	9.99

(ग) एवं (घ) पीएसएस दिशानिर्देशों के अनुसार, इस स्कीम के अंतर्गत केवल एफएक्यू (उचित औसत गुणवत्ता) मानकों को पूरा करने वाले मूंग के स्टॉक की ही खरीद की जा रही है। सरकार केवल उन्हीं एफएक्यू स्टॉक की खरीद करती है जिनके लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) घोषित किया गया है।

*****